# समाचार वाणी
## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# टूट गई ट्रंप और एलन मस्क की दोस्ती! नया राजनीतिक दल बनाएंगे टेस्ला के CEO, बोले- बड़ा बम गिराने का वक्त।

Publisher

Published on 06 Jun 2025



## टेस्ला CEO एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच रिश्ते बिगड़ गए है। मस्क ने एपस्टीन फाइल्स को लेकर ट्रंप पर गंभीर आरोप लगाए, तो ट्रंप ने मस्क की सब्सिडी खत्म करने की धमकी दी।

**वाशिंगटन, 6 जून 2025**: **अमेरिका की राजनीति मे एंक नया बड़ा मोड़ आया** है। **टेस्ला** और **स्पेसएक्स के CEO एलन मस्क** और **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** के बीच अब खुलेआम तनातनी शुरू हो गई है। दोनों के रिश्ते अब **निजी आरोप-प्रत्यारोप** के स्तर तक पहुंच गए हैं।

ताजा घटनाक्रम में एलन मस्क ने ट्रंप के खिलाफ **जेफरी एपस्टीन** से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने की धमकी दी है, जबकि ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी और ठेके रद्द करने का ऐलान कर दिया है।

### NASA चीफ की नियुक्ति बनी विवाद की शुरुआत

तनाव की शुरुआत तब हुई जब **नासा** के नए प्रमुख के तौर पर मस्क के करीबी **जेरेड इसाकमैन** का नाम सामने आया। लेकिन **ट्रंप** ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वे किसी और नाम का ऐलान करेंगे।

इस फैसले को मस्क के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है, क्योंकि उनकी **स्पेस रणनीति** में इसाकमैन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### Big Beautiful Bill पर भी हुआ विवाद

१. **हाल ही मे ट्रंप द्वारा पेश किए गए Big Beautiful Bill को लेकर भी मस्क ने नाराजगी जताई।**

२. **मस्क ने इस बिल को Big Ugly Bill करार दिया और कहा कि इससे अमेरिका का घाटा $2.5 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगा।**

३. **ट्रंप ने इस बिल को ऐतिहासिक टैक्स कट और MAGA अभियान के लिए जरूरी बताया।**

४. **इस विवाद के चलते मस्क ने DOGE डिपार्टमेटं से इस्तीफा दे दिया।**

### ट्रंप की धमकी : मस्क की सब्सिडी और ठेके होंगे खत्म

मस्क के रवैये से नाराज होकर ट्रंप ने बयान दिया कि एलन मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी और ठेके रद्द कर दिए जाएंगे।

ट्रंप ने कहा, "इससे अरबों डॉलर की बचत होगी।"

मस्क की कंपनियों को 17 से ज्यादा एजेंसियों से ठेके मिले हुए हैं।

### मस्क का जवाब : एपस्टीन फाइल्स का करेगें खुलासा

इसके जवाब में मस्क ने कहा कि वे एपस्टीन फाइल्स में ट्रंप का नाम सार्वजनिक करेंगे।

उन्होंने X (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा:

"बड़ा बम गिराने का समय आ गया है। डोनाल्ड ट्रंप का नाम एपस्टीन फाइल्स में है। यही वजह है कि ये फाइलें सार्वजनिक नहीं की जा रही हैं। सच जरूर सामने आएगा।" यह बयान अमेरिका की राजनीति में भूचाल लाने के लिए काफी है, क्योंकि जेफरी एपस्टीन का नाम यौन अपराधों और हाई-प्रोफाइल कनेक्शनों से जुड़ा रहा है।

### नया राजनीतिक दल बनाने की तैयारी मे मंस्क

अब मस्क ने नया राजनीतिक दल बनाने के विचार पर जनता से राय मांगी है।

इससे संकेत मिलता है कि वे अब टेक्नोक्रेट से आगे बढ़कर राजनीतिक नेतृत्व में भी प्रवेश करना चाहते हैं।

**व्हाइट हाउस मे ट्रंप ने जर्मन चांसलर** के साथ बैठक के दौरान कहा:

"मैं मस्क से बेहद निराश हूं। मैंने उनकी बहुत मदद की थी।"

इस पर मस्क का जवाब था:

"अगर मैं नहीं होता तो ट्रंप चुनाव हार जाते। उन्होंने कभी कृतज्ञता नहीं दिखाई।"

### टेस्ला के शेयरों मे भंारी गिरावट

१. **ट्रंप की धमकी के बाद टेस्ला के शेयरों मे भंारी गिरावट आई है।**

२. रिपोर्ट के अनुसार, **ट्रंप के बयान से निवेशकों मे अंनिश्चितता और डर का माहौल है।**

३. रिपोर्ट के मुताबिक, **यदि सरकारी करार रद्द होते है तो टेस्ला की वित्तीय स्थिति पर बड़ा असर पड़ सकता है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.